राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल के समक्ष एन॰सी॰सी॰ के अपर महानिदेशक ने राज्य के विश्वविद्यालयों में एन॰सी॰सी॰ को सी॰बी॰सी॰एस॰ में इलेक्टिव क्रेडिट कोर्स के रूप में सम्मिलित करने से संबंधित एक 'पावर प्रेजेन्टेशन' दिया

पटना, 19 जनवरी 2021

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री फागू चौहान के समक्ष आज राजभवन में एन॰सी॰सी॰ के अपर महानिदेशक (बिहार–झारखंड) मेजर जेनरल एम॰ इन्द्राबालन ने एन॰सी॰सी॰ को राज्य के विश्वविद्यालयों में 'च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम' (सी॰बी॰सी॰एस॰) में बतौर इलेक्टिव क्रेडिट कोर्स के रूप में सम्मिलित किए जाने पर विचार करने हेतु एक पावर प्रेजेन्टेशन दिया। उन्होंने विस्तार से एन॰सी॰सी॰ कोर्स के बारे में महामहिम राज्यपाल को जानकारी दी।

राज्यपाल श्री चौहान ने इस कोर्स को रोजगारपरक बनाये जाने का सुझाव देते हुए इससे संबंधित यू॰जी॰सी॰ के प्रावधानों आदि पर भी गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए एन॰सी॰सी॰ के अधिकारियों को ठोस, सुचिंतित एवं व्यावहारिक प्रस्ताव तैयार करने को कहा।

उक्त बैठक में राज्यपाल के सचिव श्री रॉबर्ट एल॰ चोंग्थू तथा एन॰सी॰सी॰ के ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर दिनेश राणा एवं ब्रिग्रेडियर प्रवीण कुमार सहित राज्यपाल सचिवालय के वरीय अधिकारीगण आदि भी उपस्थित थे।

....